पटना, रविवार, 12 अगस्त, 2007

दैनिक जागरण

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

आपातकाल लगा सकते हैं मुशर्रफ - 11   फेडरर का विजय अभियान

बिहार • झारखंड • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हिमाचल प्रदेश • पश्चि

राजभवन से कम्प्यूटर से सीधे जुड़ेंगे विश्वविद्यालय

पटना, जागरण ब्यूरो : प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों को कम्प्यूट्रीकृत किया जाएगा और इन्हें सीधे राजभवन से जोड़ा जाएगा। राज्यपाल सह कुलाधिपति जब चाहेंगे वीडियो कांफ्रेंसिंग से कुलपतियों से बात कर सकेंगे।

विश्वविद्यालयों को कम्प्यूटर से लिंक करने के लिए शनिवार को सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों एवं परीक्षा नियंत्रक की बैठक आयोजित की गयी। बैठक को राजभवन में उच्च शिक्षा के विशेष कार्य अधिकारी आर.कृष्ण कुमार ने संबोधित किया। प्रथम चरण में परीक्षा कोषांग तथा पुस्तकालय को कम्प्यूटर से जोड़ने का निर्णय लिया गया है। वीडियो कांफ्रेंसिंग की व्यवस्था भी प्रथम चरण में ही चालू की जाएगी।